वर्ष-01, अंक-326

छपरा

30 अक्टूबर सोमवार 2024

पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

## शाह बोले-खड़गे ने अपने नेताओं से ज्यादा घटिया बात कही

### कांग्रेस अध्यक्ष ने जम्मू में कहा था, मोदी को पीएम पद से हटाए बिना मरने वाला नहीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मोदी पर दिए बयान पर निशाना साधा। शाह ने कहा- कांग्रेस अध्यक्ष अपने पार्टी नेताओं से ज्यादा शर्मनाक बयान देते हैं। हमारी प्रार्थना है कि वे अनेक वर्षों तक जीवित रहें और 2047 तक विकसित भारत का निर्माण होते देखें। दरअसल, कठुआ में एक रैली के दौरान 83 साल के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की तबीयत बिगड़ गई थी। बाद में लौटकर उन्होंने कहा था कि जब तक वे मोदी को हटाएंगे नहीं, जिंदा रहेंगे।

## जम्मू-कश्मीर की 40 सीटों पर आज वोटिंग

- आखिरी फेज में 415 कैंडिडेट्स; आतंकी अफजल गुरू और इंजीनियर राशिद के भाई चुनावी मैदान में



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के आखिरी और तीसरे चरण में आज मंगलवार (1 अक्टूबर) को 7 जिलों की 40 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। इसमें 39.18 लाख वोटर्स शामिल होंगे। तीसरे फेज की 40 सीटों में से 24 जम्मू डिवीजन और 16 कश्मीर घाटी की हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, आखिरी फेज 415 कैंडिडेट्स मैदान में हैं।

# मोदी ने इजराइली पीएम नेतन्याहू से फोन पर बात की

### कहा- भारत शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध, दुनिया में आतंक के लिए कोई जगह नहीं



**नई दिल्ली ।** इजराइल-लेबनान तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार, 30 सितंबर को इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। पीएम मोदी ने खुद सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी।

बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। क्षेत्रीय तनाव को रोकना और सभी बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। भारत शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

ये बातचीत ऐसे समय में हुई है जब हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है। लेबनान में इजराइली हमलों में अब तक 800 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

**दोनों नेताओं की 45 दिनों में दूसरी बार बातचीत :** दोनों नेताओं के बीच पिछले 45 दिनों में फोन पर ये दूसरी बातचीत है। इससे पहले 16 अगस्त को दोनों नेताओं के बीच फोन पर बात हुई थी। उस समय भी मोदी ने इजराइली प्रधानमंत्री को बातचीत और डिप्लोमेसी के जरिए हमास से युद्ध खत्म करने को कहा था। साथ ही सभी बंधकों की तत्काल रिहाई, युद्ध विराम पर भी जोर दिया था।

**पिछले 2 महीनों में इजराइल-हिजबुल्लाह में तनाव बढ़ा :** 28 जुलाई को हिजबुल्लाह ने इजराइल पर रॉकेट दागे थे। इस हमले में इजराइल के 12 लोगों की मौत हो गई थी। ये इजराइल-हमास की जंग शुरू होने के बाद से हिजबुल्लाह का सबसे बड़ा हमला था।

हिजबुल्लाह ने इजराइल के कब्जे वाले गोलन हाइट्स में एक फुटबॉल मैदान को निशान बनाया था। इस हमले के जवाब में इजराइल ने 30 जुलाई को लेबनान में एयरस्ट्राइक की थी। इस एयरस्ट्राइक में हिजबुल्लाह का कमांडर हज मोहसिन उर्फ फुआद शुकर मारा गया था।

इसके बाद 17 सितंबर को लेबनान में पेजर्स में ब्लास्ट हुए, जिनमें 12 लोगों की मौत हुई और हजारों लोग घायल हुए। पेजर ब्लास्ट के अगले दिन 18 सितंबर को वॉकी-टॉकी में ब्लास्ट हुए जिसमें 27 लोगों की मौत हुई थी।

पेजर और वॉकी-टॉकी ब्लास्ट के बाद इजराइल ने 20 सितंबर को लेबनान पर एयरस्ट्राइक की जिसमें 45 लोगों की मौत हुई थी। तब से लेकर आज तक इजराइल, लेबनान पर हजारों मिसाइलें दाग चुका है, जिनमें 800 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

### विधानसभा चुनाव से पहले शिंदे सरकार का फैसला

## गाय को राज्यमाता का दर्जा दिया

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे सरकार ने देशी गाय को राज्यमाता का दर्जा दिया है। ऐसा करने वाला महाराष्ट्र देश का पहला राज्य है। सोमवार (30 सितंबर) को कैबिनेट बैठक में सरकार ने ये फैसला लिया। महायुति सरकार ने इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी है।



शिंदे ने कहा कि स्वदेशी गायें हमारे किसानों के लिए वरदान हैं। इसलिए हमने इन्हें 'राज्य माता' का दर्जा देने का फैसला लिया है। इसके साथ ही हम गोशालाओं में स्वदेशी गायों के पालन-पोषण के 50 रुपए प्रतिदिन की सब्सिडी योजना लागू करने जा रहे हैं। गौशालाएं अपनी कम आय के चलते यह खर्च नहीं उठा सकती थीं, इसलिए यह फैसला लिया गया है।

# नेपाल में भारी बारिश के बाद

### बिहार के दरभंगा में कोसी पर बना बांध टूटा, 12 जिलों में बाढ़

### 8 प्रखंडों के 58 स्कूल 2 अक्टूबर तक बंद ,एक लाख लोग प्रभावित





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेपाल में हुई भारी बारिश की वजह से बिहार के 12 जिलों में बाढ़ का खतरा है। दरभंगा में सोमवार देर रात कोसी नदी का बांध टूट गया। इससे एक लाख लोग प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा सीतामढ़ी, शिवहर और बगहा जिले में भी बागमती नदी के 6 तटबंध टूटे हैं।

प्रशासन ने पश्चिम चंपारण जिले में 8 प्रखंडों के 58 स्कूलों को 2 अक्टूबर तक बंद कर दिया है। बाढ़ का सबसे ज्यादा असर सुपौल और पश्चिमी चंपारण के इलाके में पड़ा है। अररिया में भी बारिश और बाढ़ के कारण रेलवे ट्रैक पर पानी आ गया। अगले 24 घंटे में बाढ़ का दायरा बढ़ेगा। उधर, राजस्थान में झालावाड़, बारां, राजसमंद, सिरोही, उदयपुर के कई हिस्सों में बारिश हुई।


### नेपाल में बाढ़-भूस्खलन- 170 लोगों की मौत,300 से अधिक घर डूबे, 16 पुल टूटे

नेपाल में भारी बारिश के चलते आई बाढ़ और भूस्खलन के चलते अब तक 170 लोगों की मौत हो चुकी है। यहां गुरुवार से लगातार पानी गिर रहा है। इसकी वजह से पूर्वी और मध्य नेपाल के कई इलाके जलमग्न हो चुके हैं। कुछ इलाकों में अचानक बाढ़ भी आई है। अकेले काठमांडू घाटी में 40 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। बाढ़, भूस्खलन और जलभराव की वजह से 55 से ज्यादा लोग लापता हैं और 100 से अधिक घायल हुए है। साथ ही कम से कम 322 घर और 16 पुल अब तक क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

## मिथुन चक्रवर्ती को दादासाहेब फाल्के पुरस्कार

### 8 अक्टूबर को मिलेगा सम्मान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस साल दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड मिथुन चक्रवर्ती को दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार (30 सितंबर) को यह घोषणा की। मिथुन दा को 8 अक्टूबर को 70वीं नेशनल फिल्म अवॉर्ड सेरेमनी में सम्मानित किया जाएगा। मिथुन करीब 5 दशक के करियर में बांग्ला, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, ओडिया और भोजपुरी की 350 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके हैं। पीएम मोदी समेत कई अभिनेताओं और नेताओं ने मिथुन दा का बधाई दी।



**दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड मिलने पर मिथुन दा ने कहा मैं निःशब्द हूं-** सच कहूं तो इतना प्रतिष्ठित पुरस्कार पाकर मैं निःशब्द हूं। न मैं रो पा रहा हूं न मैं मुस्कुरा पा रहा हूं। इतनी बड़ी चीज है। जहां से मैं आया हूं, उस लड़के को इतना बड़ा सम्मान मिला है, मैं सोच भी नहीं सकता। मैं ये अपने परिवार और दुनियाभर के फैंस को डेडिकेट करता हूं।

### बोधगया में बोले बाबा बागेश्वर

## हवस का पुजारी सुना है, हवस का मौलवी क्यों नहीं हो सकता

**गया (एजेंसी)।** बागेश्वर धाम के आचार्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बिहार के बोधगया में अपने भक्तों को संबोधित करते हुए हिंदुओं से एकजुट होने की अपील की। बाबा बागेश्वर अपने 200 अनुयायियों को पिंडदान कराने के लिए गया में हैं। यहां पर कथा के दौरान उन्होंने कहा कि मुसलमान अपने मौलवियों का अपमानित नहीं करते, लेकिन हिन्दू ऐसा करते हैं। उन्होंने कहा कि मुसलमान कभी भी अपने मौलवियों को बेइज्जत नहीं करते हैं, लेकिन हमलोग करते हैं। बाबा बागेश्वर ने आगे कहा कि लोगों के दिमाग में गलत बातें भरी जा रही हैं, जिसकी वजह से आज लोग श्राद्ध जैसे कर्मकांड को भी मजाक समझते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि हम लोग के दिमाग में बहुत ही प्रायोजित तरीके से ब्रेन को वॉश करने के लिए शब्दों को पहुंचाया जा रहा है और भरा जा रहा है, इसलिए आज लोग श्राद्ध को भी हास्य समझते हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने इस दौरान यह भी कहा कि वह किसी के विरोध में नहीं हैं लेकिन उन्होंने 'हवस का पुजारी' सुना है, तो 'हवस का मौलवी' क्यों नहीं हो सकता? उन्होंने लोगों से सवाल किया कि क्या उन्होंने कभी किसी मुल्ला को अपने धर्म का मजाक उड़ाते हुए देखा है? उन्होंने कहा कि हम किसी के विरोध में नहीं हैं, लेकिन हमने हवस का पुजारी सुना है।

### चुनाव आयोग ने राम रहीम की पैरोल मंजूर की:

## हरियाणा में रहने और चुनाव प्रचार करने पर रोक लगाई ; इनका 36 सीटों पर प्रभाव

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच सोमवार, 30 सितंबर को चुनाव आयोग ने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम की पैरोल को मंजूरी दे दी। हालांकि आयोग ने 3 शर्तें लगाई हैं।

पहली: जेल से बाहर आने के बाद हरियाणा में नहीं रहेगा।

दूसरी: कोई भी पॉलिटिकल एक्टिविटी में शामिल नहीं होगा।

तीसरी: सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार नहीं करेगा।



चुनाव आयोग के सूत्रों का कहना है कि हरियाणा सरकार से कहा गया है कि अगर राम रहीम आचार संहिता या शर्तों का उल्लंघन करता है तो पैरोल तुरंत कैंसिल कर दी जाएगी। हरियाणा में 5 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा। इसी वजह से राम रहीम की पैरोल को चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। इसका हरियाणा की 36 सीटों पर असर है।

यौन शोषण और मर्डर केस में राम रहीम रोहतक जेल में सजा काट रहा है। पैरोल के दौरान राम रहीम उत्तर प्रदेश के बरनावा आश्रम में रहेगा।

## कर्नाटक के मंत्री के बयान पर हिमंत बिस्वा सरमा ने पूछा सवाल, क्या भारत का हिस्सा नहीं है असम?

**गुवाहाटी,एजेन्सी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खड़गे की तरफ से सेमीकंडक्टर उद्योग पर टिप्पणी पर पलटवार करते हुए सवाल उठाया है। दरअलल प्रियंक खड़गे ने असम में ऐसे उद्योगों की स्थापना को लेकर चिंताएं व्यक्त की थीं, जिससे सीएम सरमा का तीखा जवाब आया।

**प्रियंक खड़गे ने असम में सेमीकंडक्टर उद्योग पर उठाया था सवाल–** कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खड़गे ने सवाल उठाया था कि असम में सेमीकंडक्टर उद्योग क्यों विकसित हो रहे हैं। असम में एक सार्वजनिक सभा में इस पर पलटवार करते हुए असम के सीएम ने कहा, मैं उनसे सीधे पूछना चाहता हूं। क्या असम भारत का हिस्सा नहीं है?। हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रियंक खड़गे की आपत्तियों की आलोचना करते हुए कहा, यदि एक उद्योग असम में आ रहा है, तो वे इसका विरोध क्यों कर रहे हैं। ऐसे टिप्पणियां न केवल अनुचित हैं बल्कि असंवेदनशील भी हैं। सीएम हिमंत बिस्वा सरम ने आर्थिक विकास और उद्योग वितरण में राष्ट्रीय एकता के महत्व पर जोर दिया और कहा कि प्रियंक खड़गे को अपनी राजनीतिक स्थिति को देखते हुए, अधिक जिम्मेदारी दिखानी चाहिए। उन्हें अधिक संवेदनशील होना चाहिए।

## शकील अहमद ने बीजेपी, बिहार सरकार पर कसा तंज

### किशनगंज में बोले-विभागीय सचिव ने कंपनी से मर्सिडीज कार ली, भाजपा शासिक प्रदेशों में क्यों नहीं है

**किशनगंज (बिहार),एजेन्सी।** किशनगंज पहुंचे कांग्रेस जिला प्रभारी सह कदवा विधायक शकील अहमद एक कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। उन्होंने भाजपा और बिहार सरकार पर कई बड़े तंज कसे और स्मार्ट मीटर को लेकर भी कई सवाल खड़े किए हैं। कहा कि भाजपा के शासित प्रदेश गुजरात और मध्यप्रदेश में स्मार्ट मीटर नहीं लगाया गया है मगर बिहार जो एक गरीब राज्य है वहां स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है।

हले के मीटर का बिल और स्मार्ट मीटर का बिल में काफी फर्क होता है। ये तो अच्छा हुआ कि मीडिया के माध्यम से पता चला कि इस विभाग के सचिव ने स्मार्ट मीटर लगाने वाले कंपनी से मर्सिडीज कार गिफ्ट लिया है, जिसकी कीमत करीब 1 करोड़ है। क्या वो सचिव मंत्री के बिना ये कार्य किए हैं। तो ये पूरा घोटाला सामने है।

**बिहार को लूट रही है गठबंधन की सरकार :** कहा कि बिहार में भी सभी चीजें प्राइवेट को बेचा जा रहा है, बिहार में बिजली विभाग सबसे ज्यादा करप्ट है। आगे उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस 2 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक पूरे बिहार में पदयात्रा निकालेगी। पूरे बिहार में भूमि सर्वे हो रही है उसमे भी लूट, सड़क निर्माण में लूट, बिजली में लूट, पुल पुलिया गिर रहे है। कुल मिलाकर बिहार में गठबंधन की सरकार कुशासन कर रही है और बिहार को लूट रही है।

आगे कहा की जब किसान आंदोलन के दौरान जनता जागी थी तो ये अहंकारी बाबा लोग, भाजपा के लोगों ने किसान आंदोलन को वापस लिया था। जब करोड़ों की संख्या में सड़क पर उतरकर जनता इसका विरोध करेगी तो स्मार्ट मीटर को भी वापस लेना पड़ेगा।

## बिहार=बलात्कारी पोस्ट पर लालू यादव पर केस

### मुजफ्फरपुर के वकील ने इसे बिहारियों का अपमान बताया, 24 अक्टूबर को सुनवाई

**मुजफ्फरपुर,एजेन्सी।** सोशल मीडिया एक्स पर बिहार = बलात्कार लिखने के मामले में राजद सुप्रीमो लालू यादव पर केस दर्ज किया गया है। मुजफ्फरपुर कोर्ट में वकील सुधीर कुमार ओझा ने लालू के खिलाफ परिवाद दायर किया है। वकील सुधीर ओझा ने लालू पर बिहारियों की भावना को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। वकील ने कहा है कि बिहार मतलब बलात्कार लिखकर लालू ने राजनीतिक फायदा लेने की कोशिश की है। ये प्रदेश के अलावा यहां के लोगों के साथ खिलवाड़ है। राजद सुप्रीमो ने बिहारियों को बलात्कारी बताकर जानबूझकर यहां के लोगों को अपमानित करने का काम किया है। वकील ने लालू के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। 24 अक्टूबर को इस मामले की सुनवाई होगी।

दरअसल, दो दिन पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार में हुए 20 बलात्कार की घटनाओं की सूची जारी की थी। तेजस्वी ने एक्स पर दुष्कर्म की घटनाओं का जिक्र करते हुए सरकार से जवाब मांगा था। तेजस्वी के ट्वीट को शेयर करते हुए लालू ने एक्स पर बिहार का मतलब बलात्कार बताया था। लालू ने एक बार नहीं बल्कि 32 बार एक्स अकाउंट पर 'बिहार=बलात्कार' लिखा था।

### लालू प्रसाद को उपेंद्र कुशवाहा ने दिया था जवाब

उपेंद्र कुशवाहा ने लालू प्रसाद को जवाब देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा- जिस बिहार ने आपको अपने पलकों पर बैठाया, इतना विश्वास व्यक्त किया... ! आज उसी बिहार के लिए 32 बार ÷बिहार=बलात्कार÷ कहना बिहारी अस्मिता और बिहार के गौरवशाली इतिहास पर हमला नहीं है क्या ? किसी क्षेत्र में बलात्कार जैसे जघन्य अपराध होना, वहां के कुछ लोगों की आपराधिक मानसिकता का परिणाम है। इसके आधार पर पूरे प्रदेश का आपके द्वारा ऐसा नामकरण करना दुर्भाग्य की बात है।

खास कर जिनके शासनकाल को बिहार और देशवासियों ने जंगलराज कहा है, उन्हें तो कोई नैतिक अधिकार है ही नहीं कुछ बोलने का। आज यदि अपराध की कोई छिटपुट घटनाएं होती हैं तो अविलंब गिरफ़्तारी और स्पीडी ट्रायल होता है।

वहीं, आपके जमाने में तो छ्ररू हाउस में ही अपराध की पटकथा लिखी जाती थी। अपराधियों को संरक्षण दिया जाता था। आज बिहार में कोई संगठित अपराध या अपराधी नहीं है, जैसा की आपके शासन के दौरान उन 15 सालों में था। आज भी रूहें कांप जाती है, उस काल को याद करके... !




# जीविका दीदियों ने अपनी मांगों को लेकर निकाला मार्च




**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक में जीविका संघ ने सोमवार को दस सूत्री मांगों को लेकर मार्च निकाला। जीविका दीदी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। अस्पताल चौक से सैकड़ों जीविका दीदियों ने बैनर के साथ मांगों से संबंधित नारे लगाते हुए दुर्गा चौक, महावीर चौक, स्टेशन रोड होते हुए जीविका कार्यालय पहुंची। यहां जीविका दीदियों ने अपनी 10 सूत्री मांगों के समर्थन के साथ सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मांगों को लेकर जीविका कैडर के प्रतिनिधिमंडल ने कार्यालय में मांग पत्र सौंपा। दीदियों ने मार्च की शक्ल में ही कार्यालय का घेराव करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। दीदियों और कर्मियों ने कहा कि दो हजार में दम नहीं-20 हजार से कम नहीं और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रखण्ड अध्यक्ष सुनीता महंतों ने बताया कि 10 सूत्री मांगों को लेकर हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। सरकार जब तक मांग पूरी नहीं करेगी, तब तक हम लोग हड़ताल पर रहेंगे और कार्य बाधित रखेंगे। मौके पर पिंकी कुमारी,सुनीता सिंह, सुनीता देवी,रीना देवी, संगीता देवी,किरण देवी बसंती देवी समेत सैकड़ों की संख्या में जीविका मौजूद रहीं।

## अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में जीविका दीदियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के जीविका समूह में कार्यरत जीविका दीदियों ने सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में आक्रोश रैली निकाली तथा जीविका कार्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन किया। जीविका समूह में प्रदर्शन कर रही जीविका दीदियों ने अपनी 10 सूत्री मांगों को जीविका कार्यालय में सौंपा तथा अपने मांग पत्र को लागू करने की मांग की। मांग पत्र में जीविका दीदियों को स्थाई तौर पर नौकरी, प्रतिमाह 25 हजार रुपये वेतन, दुर्घटना बीमा, जीविका का पहचान पत्र एवं सरकार द्वारा ड्रेस कोड लागू करने समेत अन्य मांग शामिल थे। मौके पर समूह में शामिल जीविका दीदी रेखा देवी, रीना कुमारी, ज्योति कुमारी, उषा कुमारी, गुड़िया कुमारी, रूबी खातून, प्रियंका कुमारी, सविता कुमारी, सीमा देवी, संजू देवी, रीमा देवी, विमल देवी, समेत दर्जनों जीविका दीदी शामिल थी।




# पूर्वोत्तर रेलवे महाविद्यालय सोनपुर को यथावत उसी स्थान पर संचालन कराने की मांग

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर विधायक डॉ॰रामानुज प्रसाद ने मुख्यमंत्री,बिहार व पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक हाजीपुर को सोमवार को पत्र लिखकर पूर्वोत्तर रेलवे महाविद्यालय सोनपुर को यथावत उसी स्थान पर संचालन कराने हेतु रेल मंत्री, भारत सरकार से बात करने के लिए आग्रह किया है। उन्होंने प्रेषित पत्र में कहा कि रेलवे संपदा अधिकारी ने दिनांक 10/09/2024 को 15 दिनों के अंदर पूर्वोत्तर रेलवे महाविद्यालय सोनपुर को भवन एवं भूमि खाली करने का आदेश दिया है जबकि पूर्वोत्तर रेलवे महाविद्यालय की स्थापना,उद्घाटन और संचालन रेलवे के अधिकारियों द्वारा विश्वविद्यालय के मापदंडों के अनुसार आवश्यक बुनियादी ढांचे और आवश्यक कर्मचारियों के साथ किया गया था। 1978 से विश्वविद्यालय द्वारा गठित प्रत्येक समिति में दाता के रूप में रेलवे अधिकारी ही रहे हैं।सोनपुर में पूर्वोत्तर रेलवे महाविद्यालय ही एकमात्र डिग्री महाविद्यालय है, जहां पर छात्र-छात्राएं अध्ययन करते हैं। महाविद्यालय बंद होने से खासकर छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा क्योंकि छात्र तो पटना,दिल्ली जाकर अध्ययन कर लेंगे किन्तु ज्यादातर छात्राओं को आज भी बाहर अध्ययन के लिए परिवार से अनुमति नहीं मिलेगा। उक्त महाविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं बल्कि हमारे धरोहर है।

# दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**दैनिक खोज खबर/ लहलादपुर (सारण)।** दुर्गा पूजा को लेकर जनता बाजार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष निर्मला सुमन ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक पूजा पंडाल के लिए पंद्रह-पंद्रह वोलिंटियर रहना अनिवार्य है। सभी वोलिंटियर का आधार कार्ड की छाया प्रति, मोबाइल नंबर तथा पासपोर्ट साइज का फोटो थाना में जमा करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि पूजा का लाईसेंस लेने वाले व्यक्ति की उम्र 60 वर्ष से कम हों तथा पूजा के समय पूजा स्थल पर मौजूद रहेंगे। उन्होंने हिदायत किया कि दुर्गा पूजा से विसर्जन तक के दरम्यान डीजे, जाति संबंधी गाने तथा अश्लील डांस पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। दुर्गा पूजा मेला के दरम्यान शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। मगर पूजा के लायसेंसधारियों, पूजा समिति के सदस्यों तथा वोलिंटियरों की भी अपनी जिम्मेवारी निभानी पड़ेगी।प्रतिमा विसर्जन हर हाल में 14 अक्टूबर रोज सोमवार को हो जानी चाहिए। बैठक में सीओ शम्मी कुमार, प्रमुख मनोज कुमार साह, पूर्व मुखिया मदन यादव, असलम खान व स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सम्मानित लोगों ने भाग लिया।




# सफाई कर्मियों की हुई स्वास्थ्य की जांच

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत कार्यालय में सोमवार को सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में वृहद स्तर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सक ने सफाई कर्मचारियों के साथ ही सभी सुपरवाइजरों के भी स्वास्थ्य की गहन जांच की। शिविर का उद्घाटन कार्यपालक पदाधिकारी मो शाहनवाज रजा और उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित सिंह ने फीता काट और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जांच के क्रम में सभी के स्वस्थ्य के अलावा ब्लड की भी जांच की गई। सभी के बीपी और शुगर लेबल की भी जांच की गई। उसके बाद फलेरिया की बीमारी से बचाव के लिए सुझाव तथा दवा दी गयी। सभी को अलग से विटामिन तथा कीड़ा का दवा दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी मो शाहनवाज रजा ने कहां कि नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में लगें कर्मियों के स्वास्थ्य जांच के लिए कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें सभी की जांच की गयी।

# सोनपुर में युवा संवाद का हुआ आयोजन, सैकड़ो लोगो को किया गया सम्मानित




**दैनिक खोज खबर/दिघवारा।** सोनपुर के बैजलपुर स्थित माउंट लिटेरा जी स्कूल के प्रांगण में रविवार को युवा संवाद के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन क्षेत्र के जाने माने चिकित्सक डॉ पंकज कुमार सिंह,डॉ रितंभरा गौतम तथा महेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।आयोजित कार्यक्रम मे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग डेढ़ सौ युवक युवतियों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान कई सम्मानित युवकों व युवतियों ने अपने विचारों से उपस्थित लोगो को अवगत कराया वही कई प्रतिभागियों ने अपने लक्ष्य के रास्ते में आने वाले कठिनाइयों को भी लोगो से साझा किया।कार्यक्रम में समाज सेवा, कला संस्कृति, उधमिता,शिक्षा, खेलकूद,स्वास्थ, धर्म जागरण, महिला सशक्तिकरण आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी ने जनसंवाद कार्यक्रम की तारीफ की साथ ही कार्यक्रम के आयोजनकर्ता डॉ पंकज सिंह व उनकी टीम को धन्यवाद दिया।उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से युवाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।वही अतिथि के रूप में पहुंचे प्रसिद्ध यूट्यूबर मनीष कश्यप ने अपने जोरदार अंदाज में युवाओं का उत्साह वर्धन किया।समारोह के संयोजक डॉ पंकज कुमार सिंह ने कहा कि युवा भारत के भविष्य हैं और हम युवाओं को एक ऐसा मंच देना चाहते हैं जहां से युवा जो समाज में बहुत ही बेहतर कार्य कर रहे हैं उनको प्रोत्साहित किया जा सके।हमारे समाज में ऐसे ऐसे बहुत युवा हैं जो बहुत अच्छा कर तो रहे हैं परंतु उनके बारे में लोगों को पता ही नहीं उनके विचारों के बारे में लोग अवगत ही नहीं उनको कोई ऐसा मंच ही नहीं मिल पा रहा है जहां से वह अपनी बातों को रख सके।हमारी कोशिश यह भी है कि इस युवा संवाद को हर वर्ष इसी तरह भाव से भव्य रूप में किया जाए ताकि समाज में बेहतर कार्य कर रहे युवाओं को एक अच्छा मंच मिल सके।

# दुर्गापूजा को लेकर पहलेजा थाना परिसर मे हुई शांति समिति की बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** 3 अक्टूबर से शुरू हो रही नवरात्र पर्व जो 12,अक्टूबर को दशहरा पर्व को शन्ति पूर्वक सभी समुदाय के लोग मिलजुल हर्ष उल्लास के साथ दशहरा पर्व मनाये, इसको लेकर पहलेजा थाना परिसर में सोमवार को दुर्गा पूजा को लेकर थाना क्षेत्र के लोगो के साथ थानाध्यक्ष श्वेता कुमारी ने शांति समिति की बैठक की ।पहलेजा थाना में आयोजित बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष श्वेता कुमारी ने की जबकि संचालन अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने किया। इस मौके पर थानाध्यक्ष ने कहा कि सामूहिक रूप से पूजा पंडाल बनाकर पूजा करने वाले लोगों को आवेदन देकर लाइसेंस लेना होगा। बिना लाइसेंस लिए अगर प्रतिमा स्थापित करते पकड़े गये तो कानूनी करवाई होंगी साथ ही पूजा स्थलों के पास पूजा में डीजे, अश्लील गीत पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। पूजा के दौरान थाना क्षेत्र के पूजा स्थलों एवं सभी चौक-चौराहों पर पुलिस बलो को तैनाती रहेगी। पुलिस हर गतिविधियों पर कड़ी नजर रखेगी। पर्व मे विधन्न डालने वाले लोगो को खैर नहीं है। पूजा समिति सदस्य पूजा स्थलों व उसके आसपास मार्ग मे सीसीटीवी कैमरा भी लगाएंगे साथ ही अग्नि श्मन यंत्र की व्यवस्था करेंगे। कटे टूटे तार का उपयोग नहीं करेंगे। महिलाओ व पुरुषो को माँ के प्रतिमा के दर्शन करने के लिए अलग अलग व्यवस्था करेंगे । समिति सदस्यों को आधार कार्ड, मोबाईल नंबर थाना मे देना होगा। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी। किसी भी प्रकार के अफवाह पर ध्यान नहीं देने एवं कहीं कुछ भी शंका होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की बात कही।

# सोनपुर पुलिस ने केटामाइन नामक नशीला पदार्थ व स्कॉर्पियो को किया जप्त

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पुलिस टीम द्वारा शाहपुर पहलेजा दियारा स्थित गणेश राय के घर पर रविवार को छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में संलिप्त अभियुक्त फरार हो गये एव वहां से केटामाइन नामक ड्रग्स के 10,800 पीस शीशी, जिसका कुल वजन 270 कि0ग्रा0 के बड़े जखीरे एवं 01 स्कार्पियों को जप्त किया गया। उक्त बात की जनकारी देते हुए सोनपुर थानाध्यक्ष राजनंदन ने रविवार को बताया कि जप्त ड्रग्स की जांच ड्रग इन्सपेक्टर के द्वारा की गई। इस संबंध में गणेश राय सहित 07 नामजद एवं 02 अज्ञात कुल-09 अभियुक्तों के विरूद्ध सोनपुर थाना कांड सं0- 815/24. दिनांक-300924 दर्ज कर गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा छापामारी की जा रही है। छपामारी के दौरान जप्त किये गये समान मे केटामाइन नामक ड्रग्स 10,800 पीस जिसका कुल वजन-270 कि0ग्रा0 (प्रत्येक शीशी-250 इमजी एवं एक स्कार्पियों है।

# बैंक में रूपए निकाल कर पाकेट में रखें 43500 रूपए चोरी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सेन्ट्रल बैंक में रूपये निकाल ब्रांच मैनेजर से मिलकर वापस आने के दौरान बैक परिसर में ही सेवानिवृत्त आर्मी जवान के पाकेट से रूपए चोरी हो जाने का मामला सामने आया। पीड़ीत इसुआपुर थाना क्षेत्र के बेला गांव निवासी सेवानिवृत्त आर्मी जवान चंद्रमा सिंह ने दिए आवेदन में बताया कि वे सेन्ट्रल बैंक के मशरक शाखा से पेंशन के 43500 रूपए निकाल कर पाकेट में रख लिया और ब्रांच मैनेजर से आवश्यक कार्य के लिए मिलने गया और वापस काउंटर पर जाकर फार्म देकर वापस लौटा तो उसी दौरान पाकेट से रूपए अज्ञात के द्वारा चोरी कर ली गई है। मामले में थाना पुलिस जांच में जुटी है।

# देशी कट्टा व चोरी की बाइक संग एक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/लहलादपुर(सारण)।** जनता बाजार पुलिस ने चोरी की बाइक संग एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अभियुक्त सिवान जिले के तरवारा थाना क्षेत्र के गोहपुर गांव का अनुज कुमार यादव बताया गया है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस की माने तो मिर्जापुर के पास वाहन चेकिंग के दरम्यान अभियुक्त को पकड़ा गया है। अभियुक्त को पकड़ने वाली टीम में जनता बाजार थानाध्यक्ष निर्मला सुमन, दरोगा अरविंद कुमार व अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

# असामाजिक तत्वों ने की सरपंच पर जानलेवा हमला, जख्मी

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** अमनौर प्रखण्ड के रायपुरा ग्राम पंचायत के सरपंच अजय कुमार त्रिपाठी पर रविवार की रात असामाजिक तत्वों ने जानलेवा हमला कर जख्मी कर दिया।जख्मी सरपंच का इलाज गड़खा सीएचसी में किया गया।मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाना क्षेत्र के रायपुरा गांव निवासी व रायपुरा पंचायत के सरपंच अजय कुमार त्रिपाठी रविवार की रात गोसी छपरा गांव से बाइक से अपने घर रायपुरा लौट रहे थे।वे जैसे ही बेदवलिया स्कूल के समीप पहुचें कि एक ही बाइक पर सवार दो लोगों ने उन्हे ओवरटेक कर रोक दिया और ईट से पैर पर व कट्टे के बट से ललाट पर प्रहार कर जख्मी कर दिया।लहुलुहान सरपंच को इलाज के लिए परिजनों व ग्रामीणों ने गड़खा सीएचसी लाए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।घटना की सूचना मिलते ही भेल्दी पुलिस मौके पर पहुंच जख्मी सरपंच से फर्दबयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई।घटना की सूचना पर प्रशिक्षु डीएसपी सह गड़खा थानाध्यक्षा इशा गुप्ता ने भी मौके पर पहुंच जख्मी सरपंच से घटना के संबंध में जानकारी ली।

# नई दिल्ली से दरभंगा तक जानें वाली ट्रेन में यात्रा करने वाली एक महिला शिशु को जन्मा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नई दिल्ली से चलकर दरभंगा जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन में एक गर्भवती महिला ने एक शिशु का जन्म सोमवार को ट्रेन मे दी। इस बात की जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर रूपेश कुमार ने बताया कि रेलवे विभाग द्वारा जानकारी मिली कि एक गर्भवती महिला के पेन हो रही है। सूचना मिलने के पश्चात त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला प्रधान आरक्षी कुमारी रंजू , महिला आरक्षी सुनीता कुमारी प्रधान आरक्षी राकेश कुमार यादव एवं आरक्षी सुनील कुमार के साथ उक्त गाड़ी सोनपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 03 पर आगमन के पश्चात बी 6 कोच के बर्थ संख्या को 02 को अटेंड किया गया मौके पर मंडल रेल चिकित्सालय सोनपुर के डॉक्टर शहमा साथ स्टाफ उक्त कोच में पहुंचे। बर्थ सं0 02 पर यात्रा कर रही महिला यात्री एक नवजात शिशु को जन्म दे चुकी थी जिसके पश्चात डॉक्टर द्वारा उक्त महिला एवं बच्चा को चेक किया गया और कुछ दवाइयां दिया गया। उक्त महिला के साथ यात्रा कर रहे हैं उसके पति से पूछने पर अपना नाम सफा अल्लाह ग्राम खरौ थाना रहिका जिला मधुबनी बताया। उसने यह भी बताया कि वह अपनी पत्नी राध्या खातून के साथ गाड़ी संख्या 02570 से नई दिल्ली से दरभंगा तक का यात्रा कर रहा हूं। जच्चा और बच्चा सकुशल है वह आगे की यात्रा करने के लिए इजाजत लेकर प्रस्थान कर गये।

# चेनपुलिंग से मांझी रेलपुल बीचोबीच लगभग 25 मिनट तक खड़ी रही इंटरसिटी एक्सप्रेस

**दैनिक खोज खबर/ मांझी (सारण)।** छपरा से वाराणसी जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस में शरारती तत्वों द्वारा की गई चेनपुलिंग की वजह से सोमवार की सुबह मांझी रेलपुल के बीचोबीच लगभग 25 मिनट तक खड़ी रही। इस दौरान छपरा बलिया रेलखण्ड स्थित माँझी एवम बकुल्हा स्टेशन पर अन्य ट्रेनों को रोकना पड़ा। चेनपुलिंग की वजह से रेलपुल के बीचोबीच खड़ी एक्सप्रेस ट्रेन के गार्ड ने पुल के नीचे राम घाट पर सरयु में नहा रहे लोगों को आवाज देकर बुलाया। गार्ड की आवाज सुनकर रेलपुल के फुटपाथ के रास्ते चेनपुलिंग वाले रेल ड़िब्बों तक पहुँचे माँझी के चैनपुर निवासी भोला यादव ने कड़ी मशक्कत कर वैक्युम को दुरुस्त किया, तब जाकर ट्रेन बकुल्हा के लिए रवाना हुई। ट्रेन सुबह के पांच बजकर 23 मिनट पर रुकी तथा पाँच बज कर 48 पर रवाना हुई। उक्त अवधि में ट्रेन रेलपुल के बीचोबीच खड़ी रही।

इस दौरान ट्रेन में सवार यात्री किसी अज्ञात अनहोनी को लेकर हलकान रहे। इसी बीच मौका पाकर चेनपुलिंग करने वाले दोनो शातिर युवक ट्रेन से उतरकर फरार हो गए। ट्रेन के अचानक रेल पुल में खड़ी होने के कारण आसपास के लोग रेलपुल के पास पहुँचें तथा एक दूसरे से ट्रेन के रुकने पर चर्चा करने लगे। बताते चलें कि बीते शनिवार को माँझी रेलपुल से महज तीन सौ मीटर दक्षिण यूपी की सीमा में शरारती तत्वों ने दोनों रेल पटरियों पर समानांतर एक एक बोल्डर रख दिया था। हालाँकि लखनऊ छपरा एक्सप्रेस के ईंजन के आगे सुरक्षा हेतु लगे लोहे के एंगल से टकराकर रेल पटरी पर मौजूद पत्थर टूटकर छिटक गए थे और एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल बाल बची थी। रेल प्रशासन रेल पटरी पर पत्थर रखने के मामले की गहराई से जाँच कर रहा है। ताकि शरारती तत्वों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक घटना की तिथि को नए तथा पुराने रेलपूल होकर नदी पार करने वालों तथा रेलपुल पुल पर चढ़कर सेल्फी के लिए गए युवकों की पहचान की जा रही है। रेल प्रशासन शनिवार को रेल पुल पर सैर सपाटे उद्देश्य से सेल्फी लेने पहुँचे युवकों के अलावा रेल लाइन के किनारे बाढ़ से विस्थापित एवम तम्बू में रह रहे बाढ़ पीड़ितों पर भी पैनी नजर रख रहा है।



# दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक मकेर थाना परिसर में हुई

**दैनिक खोज खबर/मकेर (सारण)।** मकेर प्रखण्ड की थाना परिसर मे दुर्गा पूजा के बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीओ निर्मला कुमारी तथा थानाध्यक्ष रवि रंजन कुमार एवं एस ई राम निवास कुमार सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सीओ और थानाध्यक्ष रवि रंजन कुमार ने बैठक में शांति पूर्वक दुर्गा पूजा समारोह आयोजित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में किसी प्रकार का तीव्र ध्वनि बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। दुर्गा पूजा में भीड़-भाड़ वाली जगहों पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी। थानाध्यक्ष रवि रंजन कुमार ने कहा कि किसी भी हाल में दुर्गा पूजा के मौके पर हुड़दंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। दुर्गा पूजा में भीड़-भाड़ वाले जगहों पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी। पूजा समिति को भी इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार का भगदड़ न हो एवं सरकार द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन के अनुसार ही पूजा होगी एवं बैठक मे मुखिया संजीत राय एवं मुखिया भोली मिया,रंजय राय , मनीष मालाकार, सुचिंदर साह, रितेश कुमार,उमेश सिंह इत्यादि मैजूद थे।



# सारण तटबंध के निचले इलाकों में पहुंचा गंडक नदी का पानी, मुश्किल में घिरे लोग

## प्रमुख प्रतिनिधि ने प्रभावित इलाकों का लिया जायजा

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश एवं नेपाल द्वारा वाल्मीकिनगर बराज से गंडक नदी में भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद गंडक नदी अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले तीन दिनों से गंडक नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के कारण गंडक का पानी सारण तटबंध के निचले इलाकों में बसे सगुनी, राजवाड़ा, अरदेवा, जिमदाहा, हसनपुर बनिया समेत अन्य गांवों में स्थित दर्जनों घरो के समीप पहुँच गया है। नवरात्र की तैयारी में जुटे सैकड़ों परिवार असमय आई इस बाढ़ के कारण विस्थापन की जिंदगी जीने को मजबूर है। किसान अपने मवेशियों के साथ सारण तटबंध पर शरण लेने के फिराक में है। बाढ़ के कारण निचले इलाकों में लगी धान, मक्के एवं सब्जियों की फसलें बर्बाद हो रही है। वही पशुपालकों के समक्ष पशुओं के लिए चारे की समस्या उत्पन्न हो गई है। बाढ़ का पानी सारण तटबंध से पानापुर प्रखंड के रामपुररुद्र एवं तरैया प्रखंड के सगुनी गांव को जोड़नेवाली मुख्य सड़क के ऊपर से बहने लगा है। जिससे इन गांवों के सैकड़ों परिवारों का सड़क संपर्क टूटने की कगार पर है। इस बीच जल संसाधन विभाग के कर्मी, अंचलकर्मी एवं चौकीदारों द्वारा सारण तटबंध की सतत निगरानी की जा रही है। जल संसाधन विभाग के एसडीओ कमलेश कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह तक गंडक के जलस्तर में बढ़ोतरी जारी रहेगी। इसलिए लोगो को सजग रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि सारण तटबंध पूरी तरह से सुरक्षित है एवं तटबंध के प्रत्येक सौ मीटर की दूरी पर कर्मियों की तैनाती कर नजर रखी जा रही है। वहीं गंडक में जलस्तर बढ़ने के साथ निचले इलाकों में बसे लोगों के घरों में बाढ़ का पानी घुसने लगा है। इधर सोमवार की दोपहर में तरैया प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू ने सगुनी, राजवाड़ा व अन्य गांवों के प्रभावित इलाकों का जायजा लिया तथा प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों से बात कर प्रभावित लोगों की समस्याओं से अवगत कराकर उन्हें उचित सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। मौके पर अमरनाथ सिंह, उपेंद्र सिंह, नीरज कुमार सिंह, समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



## बिहार के युवा विपरित परिस्थितियों में भी बढ़ रहे हैं आगे : आईजी जेपी सिंह

### 41वीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर तकनीकी पदाधिकारी और खिलाड़ियों को किया सम्मानित




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** ग्रामीण क्षेत्रों में खेल और पढ़ाई की घोर असुविधा के बावजूद लड़के-लड़कियां आगे बढ़ रहे हैं। मुझे बदलते हुए इस बिहार को देखकर बहुत प्रसन्न्ता होती है। उक्त बातें हिमाचल प्रदेश, शिमला के आईजी जय प्रकाश सिंह ने कहीं। श्री सिंह 41 वीं जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता के सफल आयोजन के बाद तकनीकी पदाधिकारियों और खिलाडियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। सारण जिला एथलेटिक्स संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अजय सिंह के प्रभुनाथ नगर अवस्थित आवासीय परिसर में आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि फौज और पुलिस में अफसर रहने के कारण मैं बहुत अच्छा वक्ता नहीं। परंतु युवाओं की उपलब्धी, जोश, जज्बे और हौसले को देख चुप नहीं रह पाता। उन्होंने कहा कि गांव और देहात के बच्चे बिना उचित सुविधा और सहयोग के खेल में इतना अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हमें इसे आगे बढ़ाते हुए हरियाणा और मणिपुर जैसा माहौल बनाना होगा। हमारे खिलाड़ी जितना आगे बढ़ेंगे उतनी ही कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना होगा। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि उच्च स्तर की कोचिंग, आर्थिक सहयोग, उचित माहौल और मनोबल बढ़ाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि लड़कियां भी खेल में काफी संख्या में आगे बढ़ रही हैं। यह शुभ संकेत है। बेटियां भी घर की चराग हैं। उनके किसी विधा में दक्ष होने से परिवार ही नहीं समाज में भी माहौल बनता है। खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि ''विपरित परिस्थितियों में बहुत लोग टूट जाते हैं, लेकिन जो टूटते नहीं उनसे रेकॉर्ड टूट जाते हैं''। उन्होंने ने इस मौके पर लगभग 90 खिलाड़ियों और 40 से अधिक तकनीकी पदाधिकारियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया. प्रारम्भ में कार्यकारी अध्यक्ष अजय सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शॉल और पुष्प माला से सम्मानित किया। जबकि नगरा प्रमुख योगेन्द्र चौरसिया, रिविलगंज प्रमुख गुड्डू सिंह, इसुआपुर पूर्व प्रमुख अभय सिंह, नगर पंचायत मढ़ौरा के पूर्व उपाध्यक्ष अमर सिंह, नगर पंचायत रिविलगंज के पूर्व उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह, एथलेटिक्स संघ के सचिव गजेंद्र सिंह, कार्यकारी सचिव निलाभ गुंजन राका, स्टूडेंट्स स्पोर्ट्स क्लब अमनौर के अध्यक्ष नवीन पूरी, सचिव बृजकिशोर सिंह, कोच चंदन सिंह, कमलजीत, विहिप के अजय कुमार सिंह, डॉ राजेश डाबर, तकनीकी पदाधिकारी राजकिशोर तिवारी, मुकेश कुमार, मृत्युंजय कुमार सिंह, किशोर कुणाल, पंकज चौहान, रंजना कुमारी, वीणा कुमारी, कुमार कौशलेंद्र, बंटी प्रसाद, विनय पंडित, गौरी शंकर, प्रमोद कुमार, रूप नारायण, अखिलेश्वर मिश्रा, दिनेश प्रसाद, पप्पू सिंह, निशांत कुमार, राहुल कुमार, विपिन गुप्ता, रोहित यादव आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन अनिरुद्ध सिंह ने किया।

## बहुआरा पट्टी पंचायत में काम की गुणवत्ता को लेकर बीडीओ से लिखित शिकायत

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** प्रखंड के बहुआरा पट्टी पंचायत में काम की गुणवत्ता को लेकर युवक ने बीडीओ से लिखित शिकायत की है। सेमलसराय निवासी मुन्ना कुमार ने बीडीओ को भेजी अपनी शिकायत में पंचायत में पिछले तीन साल में कराई गई योजनाओं की जांच की मांग की है। यह कहा है कि पंचायत में मनरेगा और पंचायती राज की राशि से जितने काम कराए गए है उन योजनाओं में धरातल पर काम नहीं किया गया है। बहुआरा पट्टी में मेन रोड से छठ घाट की सड़क को सामने रखते हुए युवक ने कहा है कि इस सड़क पर जो पीसीसी का काम हुआ है, वह काफी खराब नहीं है?। जिसके कारण यह सड़क छह माह में ही पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। सोन नदी बांध पर मिट्टी कारण और ईंटीकरण का काम किया गया है जिसकी क्वालिटी काफी खराब है। पंचायत में पेवर ब्लॉक का भी काम कराया गया है, जो निजी व्यक्ति के दरवाजे और आंगन में कराया गया है। पंचायत में जल जीवन हरियाली के तहत धरातल पर कुछ काम नहीं कराया गया है। आवेदक ने पंचायत की सभी योजनाओं की जांच कर कर दोषी जनप्रतिनिधि और कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है।आवेदक ने इसकी प्रतिलिपि एसडीओ मढ़ौरा, डीएम सारण, पंचायती राज पदाधिकारी छपरा, और पंचायती राज विभाग पटना को भी भेजी है।



## चारपहिया से शराब ले जा रहे दो युवकों की पुलिस ने पीछा कर पकड़ा

**दैनिक खोज खबर (सारण)।** परसा थाना पुलिस ने सगुनी के समीप से पुलिस को चकमा देकर चारपहिया वाहन से भाग रहे दो धंधेबाज को 320 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है।हालाकि सोनहो चौक से शराब माफियाओं को पकड़ने के लिए पीछा करना शुरू किया तो शराब माफियाओं ने पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में थानाध्यक्ष,चालक सहित दो बी सैफ जवान जख्मी हो गए । वही पुलिस ने लग्जरी गाड़ी में रखे 1776 पीस 180 एम एम ऑफिसर च्वाइस अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि सोनहो चौक के समीप मढ़ौरा एसडीपीओ व ट्रैफिक एसडीपीओ के नेतृत्व में परसा भेलदी, मकेर थाना पुलिस खनन के विरुद्ध विभाग द्वारा सोमवार की अहले सुबह करीब चार बजे अमनौर तरफ से एक मारुति सुजुकी एक्रास गाड़ी तेजी से आ रही थी।पुलिस ने हाथ दिया त्योही चकमा देकर परसा की ओर निकल पड़ी। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने परसा हाई स्कूल चौक समीप बैरिकेटिंग का निर्देश देते हुए पीछा करना शुरू कर दिया। इसी बीच धंधेबाज के लाइनर द्वारा परसा में बैरिकेटिंग की सूचना पर गाड़ी को पुनः बैक करते हुए भागने का प्रयास में था तबतक पुलिस गाड़ी सामने दिखा और गाड़ी में ठोकर मार कर दोनो धंधेबाज चंवर खेत की ओर भागने लगे ।लेकिन खेत में पानी होने के करने भागने की आवाज पीछा कर रही पुलिस को आवाज मिल रहा था, जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया और थाने लाई।इधर जख्मी थानाध्यक्ष सुनील कुमार,चालक, बी सैफ जवान मिंटू सिंह वीरेंद्र सिंह का परसा सीएचसी में उपचार किया गया । गिरफ्तार धंधेबाज पटना जिले के अठमल थाना क्षेत्र के चंदा गांव निवासी राम सवारथ सिंह के पुत्र सनी सिंह, व मुकेश कुमार बताए गए है।

## महात्मा गांधी जी की जयंती पर विशेष



**नीरज कुमार ।**

दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा ( सारण )। प्रसिद्ध इतालवी विचारक निकोलो मेकियावेली ( 1469-1527 ) ने राजनीति और नैतिकता के बीच दिवार खड़ी करते हुए यह तर्क दिया था कि यदि साध्य उचित हो तो साधन को अपने-आप उचित मान लिया जाएगा म इसके विपरीत, गाँधी जी ने राजनीति और नैतिकता के बीच पुल का निर्माण करते हुए यह तर्क दिया कि राजनीति के क्षेत्र में साधन और साध्य दोनों समान रूप से पवित्र होने चाहिए म मेकियावेली और उसके अनुयायियों के विपरीत गांधी जी साधन को साध्य से पहले रखते हैं - जैसे साधन होंगे, वैसा ही साध्य होगा म साध्य की प्रकृति साधन की प्रकृति से निर्धारित होती है म साधन की तुलना बीज से कर सकते हैं; साध्य की वृक्ष से म जैसा बीज डालेंगे, वैसा ही वृक्ष उगेगा म बबूल का पेड़ बोकर आम का फल नहीं उगाया जा सकताम साध्य और साधन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, जिन्हें एक दुसरे से पृथक करना संभव नहीं है म यदि साधन अनैतिक होंगे तो साध्य चाहे कितना ही नैतिक क्यों न हो, वह अवश्य ही भ्रष्ट हो जाएगा क्योंकि गलत रास्ता कभी सही मंजिल तक नहीं ले जा सकता म जो सत्ता भय और बल-प्रयोग की नींव पर खड़ी की जाती है, उससे लोगों के मन में स्नेह और आदर की भावना पैदा नहीं की जा सकती म स्वराज-प्राप्ति के लिए गांधी जी ने सत्याग्रह का मार्ग दिखाया, क्योंकि सत्याग्रह ऐसा साधन था जो साध्य के समान ही पवित्र था म यदि हिंसा, छल-कपट और असत्य के मार्ग पर चलकर स्वराज भी मिल जाता तो वे उसे स्वीकार करने को तैयार नहीं थे म यही कारण था कि 1922 में जब क्रुद्ध भीड़ ने ( उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में ) 'चौरी चौरा' थाने को आग लगा दी, तब गांधी जी ने असहयोग आन्दोलन वापस ले लिया हालांकि इस आन्दोलन की सफलता दिखाई देने लगे थे म उन्होंने अनुभव किया कि जनता अभी तक अहिंसा के मार्ग पर चलना नहीं सीख पाई थी मगांधीजी के चश्मे का हम हर तरह का उपयोग करते हैं, बस उन्हें अपनी आँख के आगे लगा के उनमें से देखते भर नहीं हैं। इस चश्में में सत्य और अहिंसा का काँच लगा है जो हमें वह सब दिखला सकता है जिसे देखने से हम डरते हैं। वह दिखा सकता है कि हमारा अर्थतन्त्र दूसरों को गरीब बना के, पर्यावरण को दूषित कर के ही चलता है। वह दिखा सकता है कि हमारा स्वास्थ्य और शिक्षा तंत्र मुनाफाखोरी और भ्रष्टाचार से बीमार है।

वह दिखा सकता है कि जिस आर्थिक वृद्धि को हमने विकास मान लिया है, वह हमारे भविष्य को औने-पौने दाम पर नीलाम कर के ही प्राप्त होती है। यह भी कि हमारी राजनीति समाज में कुछ अच्छा करने का साधन नहीं बची है, सत्ता और महत्वाकांक्षा की साधना बन के रह गयी है। हमारे किसान-कारीगर हताश हैं, उनका रोजगार जा रहा है। हमारी आबादी के एक छोटे से कुलीन हिस्से के विकास के लिए बाकी सब की बलि चढ़ रही है। हम विकास के नाम पर, धर्म के नाम पर, गोरक्षा के नाम पर, जाति के नाम पर, लिंग के नाम पर, भाषा के नाम पर, राष्ट्र के नाम पर हिंसा ही कर रहे हैं।

**( लेखक नीरज कुमार ने अपने स्वतंत्र विचार व्यक्त किया है, आलेख से संपादक मंडल इत्तेफाक नहीं रखता है। )**

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** व्यवहार न्यायालय छपरा के आदेश व पुलिस अधीक्षक डॉ.कुमार आशीष तथा एकमा थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक उदय कुमार ने निर्देश पर पुलिस अवर निरीक्षक कुणाल कुमार ने थाना क्षेत्र के गजियापुर गांव में छापेमारी कर एक अर्से से फरार मारपीट मामले के आरोपित सिपाही राय को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार फरार आरोपित सिपाही राय की गिरफ्तारी नहीं होने चलते न्यायालय में मामला लंबित चल रहा था। बताया जाता है कि एकमा थाने की पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार आरोपित सिपाही राय को जेल भेज दिया।

## सड़क पर हंगामा कर रहा शराबी गिरफतार

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** छपरा-सिवान मुख्य मार्ग एनएच 531 पर चपरैठा गांव स्थित टॉल प्लाजा के समीप बेवजह हंगामा और राहगीरों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे चपरैठा गांव निवासी नीतेश गिरि को रसूलपुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक विनोद कुमार रवि ने गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि रसूलपुर थाने की पुलिस ने शराब के नशे में गिरफ्तार पियक्कड़ नीतेश गिरि का चिकित्सीय जांच व परीक्षण कराने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। बताया जाता है कि रसूलपुर थाने की पुलिस लगातार गिरफ्तार कर पियक्कड़ों को जेल भेज रही है। इसके बाद आए दिन पियक्कड़ सार्वजनिक जगहों पर बेवजह हंगामा कर आम लोगों को परेशान कर रहे हैं।

## लाभार्थियो का राशन कार्ड वितरण किया गया

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को जदयू द्वारा जन संवाद आयोजित किया। कार्यक्रम में अलग अलग विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। पार्टी जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने अनुमंडल के अलग अलग प्रखंडो से आए लोगों की समस्याएं सुनी और समाधान का प्रयास किया। जिलाध्यक्ष ने लोगों की समस्या को न सिर्फ गंभीरता से सुना बल्कि समस्या से जुड़े अधिकारियों को वही से समाधान के लिए भी निर्देशित किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए ही सरकार है। उनकी यह प्राथमिकता है कि लोगों को सरकारी सुविधा को प्राप्त करने में दिक्कत नही हो। इस दौरान 14 लाभार्थी के बीच राशन कार्ड का वितरण किया और बीडीओ से कहा जरूरतमंद का राशन कार्ड बनाने की दिशा में तेजी से पहल होनी चाहिए।

## प्रो.मनोज बने राजा सिंह कालेज के प्रभारी प्राचार्य

हुसैनगंज ( सिवान ) : शहर स्थित राजा सिंह महाविद्यालय के रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. ( डा.) मनोज कुमार ने 30 सितंबर को प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। विदित हो कि जेपी विश्वविद्यालय के निर्देशानुसर निवर्तमान प्राचार्य प्रो. डा. रामानंद राम का स्थानांतरण हरेराम महाविद्यालय मैरवा में किया गया है। प्रभारी प्राचार्य प्रो.( डा.) मनोज कुमार ने कहा कि महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु हरसंभव प्रयास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर छात्र- छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने नए प्राचार्य का स्वागत किया। साथ ही पूर्व प्राचार्य डा.उदयशंकर पांडेय, डीएवी महाविद्यालय के रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. ( डा.) शमसाद अहमद खान, पूर्व भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. रामसुरेश सिंह आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

## बिना निविदा निकाले डिवाइडर ऊंचा करने के कार्य का पार्षदों ने किया विरोध

**सिवान :** नगर परिषद द्वारा बिना निविदा निकाले डिवाइडर को ऊंचा करने का कार्य हो रहा है। इसका विरोध उप मुख्य पार्षद सहित अन्य पार्षदों ने किया और निर्माण कार्य को रुकवा दिया है। गौरतलब हो कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा मुख्य पथ के बीच में बने डिवाइडर को ऊंचा कराने का निर्देश नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया था। इसको लेकर एक-दो दिनों से निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया था। वहीं सोमवार को उप मुख्य पार्षद के नेतृत्व में कुछ पार्षदों ने पहुंचकर कार्य को रुकवा दिया। पार्षदों ने आरोप लगाया कि यह धांधली की जा रही है।

## वाहन जांच के दौरान चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में रविवार की शाम अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध छापेमारी करने के उद्देश्य से ताजपुर पहुंचीं पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर झखडा तीन मुहानी से चोरी की एक बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक दाउदपुर थाना क्षेत्र के सीतलपुर गांव निवासी सूरज यादव का पुत्र भुअर यादव उम्र 21 वर्ष बताया जाता है। मांझी थाना में पदस्थापित पीएसआई ओम प्रकाश साह ने इस मामले में गिरफ्तार युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में यह कहा गया है कि गुप्त सूचना के आलोक में रविवार की शाम श्री साह एएसआई पप्पू सिंह एवम सिपाही राम सुजान सिंह के साथ झखडा गांव के समीप स्थित तीन मुहानी पर वाहन जांच कर रहे थे तभी गिरफ्तार युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। इस दौरान पुलिस ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। बाइक का कागजात मांगने पर उसने कागजात देने से इनकार कर दिया। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। जब्त हीरो स्पलेंडर प्रो बाइक के नम्बर प्लेट पर बी आर ओ 3 ए जी 4491 अंकित है। गिरफ्तार युवक को चोरी की बाइक का प्रयोग किये जाने की प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी थानाध्यक्ष अमित कुमार ने दी।

## बिजली के करंट से किशोर की मौत

**एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के रीठ के टोला गांव में करंट लगने से एक किशोर की मौत हो गई। इस घटना के बाद उनके परिजनों में चिख-पुकार मच गयी। बताया जाता है कि हुस्सेपुर ग्राम पंचायत के रीठ के टोला गांव के अनुज कुमार यादव ( 16 ) सोमवार को घर में लगे पंखे की स्विच की मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान वह बिजली के करंट की चपेट में आ गया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एकमा थाना के प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक अमित कुमार ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है।

**विद्यालयों में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम हुए आयोजित: दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** स्वच्छता ही सेवा जागरूकता अभियान के तहत नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र के हंसराजपुर व भुईली गांव स्थित मध्य विद्यालयों में निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को नगर पंचायत के मुख्य पार्षद श्वेता रानी व

## बाढ़ राहत वार्डों की सूची में अनियमितता को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** सदर प्रखंड के डुमरी पंचायत में बाढ़ पीड़ित वार्डों की सुची मे अनियमितता की शिकायत डुमरी पंचायत के पूर्व मुखिया रंजू कुमारी, सरपंच अनामिका सिंह व ग्रामीणो द्वारा सोमवार को डीएम सारण को ज्ञापन सौंपा गया। लिखित आवेदन मे पूर्व मुखिया सरपंच व ग्रामीणो का कहना है कि उनके पंचायत मे 16 वार्ड हैं और सभी वार्ड पूर्ण रूप से बाढ़ से प्रभावित थे। जबकि प्रखंड स्तरीय जांच अधिकारी द्वारा पंचायत के वार्ड संख्या 6,12,13,14 को ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित किया गया जब कि पुरा पंचायत बाढ से प्रभावित था ।पूर्व मुखिया सरपंच व ग्रामीणो ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि अपने स्तर से डुमरी पंचायत का पुनः जांच कराकर बाढ़ग्रस्त घोषित किया जाए। गुप्ता सरकार, विपिन कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य 1कृष्णा राय, पंचायत समिति सदस्य 2 निशांत कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा समिति इसुआपुर के द्वारा की गई आवश्यक बैठक

**दैनिक खोज खबर/ इसुआपुर (सारण)।** दुर्गा पूजा समिति इसुआपुर के बैनर तले प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित महावीर मंदिर परिसर में रविवार की देर संध्या अमरनाथ प्रसाद की अध्यक्षता तथा सरपंच राजेश सिंह कुशवाहा के संचालन में पूजा से संबंधित अति आवश्यक बैठक की शुरुआत की गई। वही व्यवस्थापक दिलीप कुमार चौरसिया ने बताया कि यह अति आवश्यक बैठक बुलाने का मुख्य उद्देश्य है की अगले बैठक में जो समिति के सदस्य उपस्थित नहीं थे। उन लोगों को भी पूजा की तैयारी के साथ सारे कार्यक्रम की जानकारी दे दी जाए। वहीं उपस्थित समिति के सदस्यों ने मुख्य बिंदुओं तथा तैयारी पर विस्तृत रूप से चर्चा की। वही मेले को सही रूप से संपर्ण कराने के लिए इस पर गहन विचार विमर्श किया गया। वही बताया गया कि तीन दिन संस्कृतिक, रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन समिति के द्वारा किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से सचिव दोलन सिंह, महादेव साह, श्री भगवान साह, मुन्ना कुमार, अर्जुन सिंह, वैध उपेंद्र भक्त, शारदानंद सोनी, मोहन सिंह कुशवाहा, जितेंद्र सिंह कुशवाहा, नागेश्वर सिंह, सुनील सिंह तथा अन्य समिति के सदस्य थे।

## एकमा व रसूलपुर थाना परिसरों में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** शारदीय नवरात्रि, दुर्गा पूजा व दशहरा को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु एकमा व रसूलपुर थाना परिसर में अलग-अलग समय में सोमवार को एकमा सीओ राहुल शंकर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीओ राहुल शंकर के अलावा पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार , रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार आदि ने पूजा समिति के आयोजकों से लाइसेंस लेकर ही पूजा-पंडाल स्थापित करने व शांति पूर्ण वातावरण में पूजा के आयोजन व मूर्ति विसर्जन को संपन्न कराने हेतु निर्देश दिए।पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार ने कहा कि माहौल बिगाड़ने वालों पर पुलिस व प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। ऐसे लोगों से पुलिस सख्ती से पेश आएगी। वहीं सोशल मीडिया पर शांति व भाईचारे के माहौल को भंग करने संबंधी पोस्ट डालने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें पूजा आयोजन समितियों व समाज के सभी वर्गों के लोगों से सहयोग अपेक्षित है।बैठक में सीओ राहुल शंकर ने दुर्गा पूजा को शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाए जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ने दुर्गा पूजा एवं मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे व आर्केस्ट्रा के प्रयोग पर प्रतिबंध रहेगा। सीसीटीवी कैमरा दुर्गा पूजा आयोजन समितियों को लगाने के लिए निर्देश दिए गए। समाज के सभी वर्गों के लोगों को मिलजुल कर आपसी भाईचारे एवं सांप्रदायिक सौहार्द पूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा मानने को लेकर अपील की गई।

# नोएडा में सड़क दुर्घटना में पंचदेवरी के युवक की मौत

## दिल्ली पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी युवक का शव लाने के लिए परिजन दिल्ली हुए रवाना

**दैनिक खोज खबर/ पंचदेवरी (गोपालगंज)।** दिल्ली के नोएडा सेक्टर 32 में सड़क दुर्घटना में पंचदेवरी के एक युवक की मौत हो गई । वहीं स्थानी दो युवक बुरी तरह से घायल हो गए । मृत युवक पंचदेवरी प्रखंड के विशुनपुरा गांव निवासी जगदीश पांडेय का 25 वर्षीय बेटा गोलू पांडेय था । घटना के संबंध में बताया जाता है कि गोलू दिल्ली के नोएडा में एक निजी कंपनी में अकाउंटेंट के पद पर काम कर रहे था । रोज की तरह सोमवार कि अहले सुबह गोलू टहलने के लिए नोएडा सेक्टर 32 रोड पर निकले हुए थे । इसी दौरान पीछे से अज्ञात भारी वाहन ने ठोकर मार दी । जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं नोएडा के ही दो युवके भी पूरी तरह से जख्मी हो गए । दोनों का इलाज दिल्ली के एक निजी अस्पताल में चल रहा है । इधर घटना की सूचना के बाद नोएडा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर परिजनों को दूरभाष से सूचना दी । जिसके बाद पंचदेवरी के विशनपुर गांव में चिख पुकार मच गई । घटना की खबर मिलते ही मृतक के भाई बटर पांडेय वह अन्य परिजन दिल्ली के लिए रवाना हो गए । वहीं मां और पिता जगदीश पांडेय का रो-रोकर बुरा हाल है । परिजनों ने बताया कि गोलू अपने परिवार का कमाउ सदस्य था । अभी उसकी शादी नहीं हुई थी।

## युवती का मोबाइल छीनकर भागे बदमाश

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के पचमंदिरा समीप सोमवार की सुबह एक युवती से बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल छीनने की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित युवती व उसकी छोटी बहन के शोर मचाने पर कोई भी उनकी मदद के लिए नहीं आया। वहीं बाइक सवार बदमाश मोबाइल छीनकर राजेंद्र स्टेडियम की तरफ फरार हो गए। इसके बाद जब दोनों बहन आवेदन लेकर थाना में आई तो पुलिस पदाधिकारी ने पहले आवेदन लेने से इन्कार कर दिया लेकिन बाद में संबंधित पुलिस पदाधिकारी ने युवती से रास्ते में मोबाइल गिर जाने का आवेदन लिखवाया और डांट फटकार लगा कर घर भेज दिया। पीड़िता नगर थाना क्षेत्र के पचमंदिरा निवासी धमेंद्र प्रसाद की पुत्री खुशी कुमारी है ।मामले में खुशी की बहन सोनाली कुमारी ने बताया कि मैं और मेरी बहन सोमवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे घर से अस्पताल जा रहे थे। तभी पचमंदिरा के समीप एक बाइक पर सवार दो बदमाश आए और मेरी बड़ी बहन खुशी का मोबाइल छीनकर फरार हो गए। इसके बाद हम दोनों नगर थाना आए जहां मोबाइल छिनतई की बात को बताया। वहां पर कोई भी अच्छे से बात नहीं कर रहा था।

## बीआरपी ने किया मूल्यांकन का कार्य का निरीक्षण

**दारौंदा (सिवान) :** प्रारंभिक स्कूलों में हुए अर्द्धवार्षिक परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण बीआरपी ने विभिन्न केंद्र पर सोमवार को किया। दारौंदा के 17 संकुल संसाधन केंद्र (सीआरसी) पर चल रहा है। यह मूल्यांकन कार्य एक अक्टूबर तक चलेगा। दारौंदा में 17 हजार विद्यार्थियों ने अर्द्धवार्षिक परीक्षा दी थी। बीईओ चंद्रभान सिंह बताया कि उत्तर पुस्तिका की जांच के बाद छात्रों की अलग -अलग मूल्यांकन डायर बनाई जाएगी जो विद्यालय में ही रहेगी। इससे छात्रों के शैक्षणिक क्षमता का आंकलन किया जाएगा। इस मूल्यांकन छात्रों को ग्रेड दी जाएगी तथा बच्चों की प्रगति पत्र भरकर बच्चों के अभिभावकों को दिखाया जाएगा तथा ई-शिक्षा पोर्टल एप पर आनलाइन अपलोड किया जाएगा। पांच अक्टूबर को प्रत्येक विद्यालय में शिक्षक -अभिभावक संगोष्ठी आयोजित होगी।

## सिवान के महाराजगंज में हाथ- पैर बांधकर युवक की हत्या,इलाके में सनसनी

**परवेज अख्तर/सिवान** महाराजगंज थाना क्षेत्र के पटेढ़ी गांव स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद कर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम हेतु सिवान सदर अस्पताल भेज दिया है।शव मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल कायम है। साथ ही तरह-तरह के अटकलों का भी बाजार गर्म है। लोग जितनी मूंह उतनी बातें करने से परहेज नहीं कर रहे हैं।बतादें की शातिर अपराधियों ने युवक का हाथ-पैर बांधने के बाद,उसकी गला रेत कर निर्मम तरीके से हत्या की है।खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी है।महाराजगंज थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि शव की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।शव की पहचान होने के बाद अनुसंधान को और तीव्र करने में सहूलियत मिलेगी।वहीं दूसरी ओर उन्होंने कहा वरीय पुलिस पदाधिकारी के दिशा निर्देश के आलोक में अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया है।प्रथम दृष्टया में शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शातिर अपराधियों ने युवक की कहीं दूसरे जगह हत्या कर सबूत मिटाने के उद्देश्य से शव को उक्त स्थान पर लाकर ठिकाना लगा दिया गया है।लेकिन यह जांच का विषय है।इस मामले में गंभीरता पूर्वक जांच की जा रही है।जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि अपराधियों ने किस कारण से उक्त युवक की बेरहमी तरीके से हत्या कर डाली है।

## पी.एल.एस क़ॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मसौढ़ी(पटना)।** सोमवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन पी एल एस कॉलेज जतीचक स्कूल के सभागार कक्ष में आयोजन किया गया।मेहंदी प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने बताया कि मेहंदी से हमें यह सीख लेने की जरूरत है कि जो कठोर प्रहारों को सहते हैं ,वही निखरते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि महाविद्यालय अपने बच्चों को इस प्रकार के कार्यक्रम के द्वारा प्रतीभा दिखाने का मौका देता है ताकि वह अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखार सके तथा उनका चौमुखी विकास हो सके वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मुस्कान यादव, द्वितीय स्थान आकांक्षा भारती, तृतीय स्थान -सृष्टि कुमारी , चतुर्थ स्थान - मुस्कान कुमारी तथा पांचवा स्थान -स्वाति कुमारी ने प्राप्त किया। वहीं ईस प्रतियोगिता में जज के रूप में डॉ.रीना कुमारी, डॉ.सरिता कुमारी तथा डॉ.अनामिका आनंद थी।वहीं कार्यक्रम का संचालन डॉ.अविनाश कुमार सुशील तथा प्रबंधन डॉ.रामकृष्ण त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर डॉ.सुशील कुमार डॉ.सुबोध कुमार सिन्हा, डॉ अमरजीत कुमार, डॉ.विनय कुमार मिश्रा ,डॉ.मनोज कुमार एवं स्कूली छात्राएं उपस्थित हुई।

## जंक्शन से दो अवैध वेंडर गिरफ्तार

**सिवान।** जंक्शन से आरपीएफ ने दो अवैध वेंडरों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि सोमवार को मेरे निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक छोटे लाल सिंह यादव व जवान, जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर गश्त कर रहे थे। तभी गाड़ी संख्या 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस के आगमन पर एक व्यक्ति को यात्रियों से खाने का आर्डर लेते देखा गया। वहीं एक व्यक्ति को आवाज लगाकर एयरफोन, ब्रेसलेट, चेन आदि बेचते देख उनको रोक कर ट्रेन में खाने का आर्डर लेने व सामान बेचने का वैध प्रमाण पत्र मांगा गया तो दोनों द्वारा मौके पर कोई प्राधिकार पत्र नहीं दिखाया जा सका और ना ही कोई संतोषजनक उत्तर दिया गया। उक्त दोनों व्यक्तियों को बिना प्राधिकार पत्र के रेल में वेंडिंग करने के जुर्म में गिरफ्तार कर आरपीएफ पोस्ट पर लाया गया। जहां प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी में छपरा जिला के गेरीगंज थाना क्षेत्र के डुम्बी शनिचरा निवासी नीरज कुमार व देवरिया जिला के भाटपार रानी थाना क्षेत्र के बड़कागांव निवासी धनंजय मद्धेशिया शामिल है।

## अलग-अलग स्थान से दस गिरफ्तार

**सिवान।** जंक्शन व ट्रेन से दस व्यक्ति को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि गाड़ी संख्या 14006 के दिव्यांग कोच में दो व्यक्तियों को, गाड़ी संख्या 05156 के दिव्यांग कोच में एक व्यक्ति को यात्रा करते हुए पाए जाने पर रेल अधिनियम की धारा 155 के अंतर्गत व प्लेटफार्म संख्या दो-तीन से प्लेटफार्म संख्या एक पर यार्ड में ट्रैक पास करते हुए सात व्यक्तियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी में सत्येंद्र कुमार, आलोक कुमार राम, विपुल कुमार, मोहम्मद राजा, श्रीराम कुमार, चंद्रिका राम, वीर कुमार यादव, रंभू कुमार, दिनेश राय व कमल चौधरी है।

## आपरेशन अमानत के तहत यात्री का पिट्ठू बैग बरामद

**सिवान।** आरपीएफ ने आपरेशन अमानत के तहत एक यात्री का ट्रेन में छूट हुए पिट्ठू बैग को बरामद कर उसके सुपुर्द किया गया। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि 29 सितंबर को सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 05036 के साधारण कोच में एक यात्री का पिट्ठू बैग छूट गया है। सूचना पर आन ड्यूटी सिपाही जगतपाल यादव द्वारा उक्त गाड़ी को अटेंड कर उपरोक्त सामान को बरामद कर पोस्ट पर लाकर रखा गया तथा सूचना डीएससीआर/बीएसबी को दी गई। रविवार को थावे थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी कमरुल हसन आरपीएफ पोस्ट पर उपस्थित हुए। बताया कि मैं गाड़ी संख्या 05036 से कप्तानगंज से थावे के लिए साधारण कोच में यात्रा कर रहा था। गाड़ी के थावे पहुंचने पर भूलवश बैग छोड़कर गाड़ी से नीचे उतर गया। इसकी सूचना मैंने 139 नंबर पर दी। आरपीएफ सिवान से मुझे सूचना मिली कि सामान पोस्ट पर रखा हुआ है।

## सिवान : ट्रेन से गिरे वेंडर का पैर कटा,हालत गम्भीर

**सिवान।** जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर 15048 पूर्वांचल एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक वेंडर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल वेंडर को आरपीएफ व जीआरपी की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान मुजफ्फरपुर जिला के पारु थाना क्षेत्र के मझौलिया उत्तरी वादी टोला निवासी शहाबुद्दीन अंसारी के रूप में हुई। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि घायल शहाबुद्दीन अंसारी गाड़ी संख्या 15048 पूर्वांचल एक्सप्रेस के साइड पैंट्रीकार का वेंडर है, जो सिवान जंक्शन पर उतरा था। गाड़ी के प्रस्थान पर चढ़ने के क्रम में गिर कर घायल हो गया। इससे उसका पैर कट गया। सूचना पर पहुंचे सहायक उप निरीक्षक छोटेलाल सिंह यादव एवं स्टाफ द्वारा उसे तत्काल सदर अस्पताल इलाज हेतु ले जाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पैंट्रीकार मैनेजर एवं स्वजनों को सूचना दे दी गई है ।

## पुलिस कर्मियों को दी गई दो दिवसीय प्रशिक्षण

**सिवान।** आंबेडकर भवन स्थित संवाद कक्ष में सोमवार को एसपी अमितेश कुमार ने सारण कमिश्नरी के साइबर थाना और तकनीकी शाखा से जुड़े पुलिस पदाधिकारियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दी। एसपी ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सारण , गोपालगंज एवं सिवान जिला के तकनीकी शाखा एवं साइबर थाना के पुलिस कर्मियों को बेहतर अनुसंधान करने हेतु प्रशिक्षित किया गया।

## भूमि पर जबरन कब्जा व जान से मारने की धमकी को ले एसपी से लगाई गुहार

**सिवान।** जबरन भूमि कब्जा करने एवं जान से मारने की धमकी को लेकर एक महिला ने एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता नगर थाना क्षेत्र के कसेरा टोली निवासी नीलम देवी है। उन्होंने आवेदन में बताया कि कसेरा टोली मुख्य मार्ग पर एक कट्ठा दो धुर भूमि है। इसमें मेरे पति, मेरे देवर सुनील कुमार व भोला प्रसाद की हिस्सेदारी है। इसमें भोला प्रसाद द्वारा अपने हिस्से की जमीन बिक्री कर दी गई है। अब मेरे पति व देवर के हिस्से की भूमि को बेचने का प्रयास किया जा रहा है। बबलू चौहान व उसके सहयोगी राज प्रताप वर्मा को मना किया गया तो बबलू चौहान द्वारा धमकी दी जा रही है। दोनों के द्वारा बार-बार धमकी दी जा रही है।

**भूमि विवाद में मारपीट, दो घायल: सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान उक्त गांव निवासी शंकर यादव व श्याम के रूप में हुई। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि घर के बाहर भूमि है,जिस पर हमलोगों का कब्जा है लेकिन पट्टीदार द्वारा जबरन कब्जा करने की नियत से मारपीट की गई है।

## विभिन्न मांगों को लेकर एंबुलेंस कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन रही जारी

**सिवान।** चार माह से मानदेय नहीं मिलने, पीएफ एवं ईएसआईसी का भुगतान नहीं किए जाने सहित अन्य मांगों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज 102 एंबुलेंस कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही ह। 102 एंबुलेंस चालकों व ईएमटी के हड़ताल पर चले जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमराती नजर आई। वहीं रेफर मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल जाने में काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। कई मरीज तो एंबुलेंस के इंतजार में बैठे दिखे, तो कइयों ने प्राइवेट एंबुलेंस का सहारा लिया। नाराज एंबुलेंस कर्मियों ने बताया कि चार महीनों से उन्हें वेतन नहीं मिला है। इसके अलावा पीएफ एवं ईएसआईसी का भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में उनके समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। वहीं जीरादेई विधायक अमरजीत कुशवाहा, इंकलाबी नौजवान सभा के जिला सचिव जयशंकर पड़ित, आइसी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र साह भी सदर अस्पताल पहुंचकर हड़ताली एंबुलेंस कर्मियों का समर्थन किया। विधायक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार नौजवानों को ठेका पर बहाल करके एनजीओ के हाथों सौंपना चाहती है।

## गरीब जनता के दोहन का साधन है स्मार्ट मीटर : प्रदेश प्रभारी

**सिवान।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक होटल में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रदेश प्रभारी कपिल देव प्रसाद यादव ने कहा की बिहार में मोदी-नीतीश की सरकार पूरे प्रदेश में पुराने बिजली के मीटर को हटाकर नया प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगा रही है। इसमें कई प्रकार की बड़ी-बड़ी खामियां हैं। कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने वाली एजेंसी और सरकार षड्यंत्र रचकर आम जनता को लूटने का काम कर रही है। बिजली देने के बदले उपभोक्ताओं से अधिक राशि की वसूली की जा रही है। प्रीपेड स्मार्ट मीटर व्यवस्था में घर-घर जाकर बिजली का बिल देखने की व्यवस्था नहीं है। इसे केंद्रीयकृत तरीके से संचालित किया जा रहा है और मनमाने ढंग से रुपये की वसूली की जा रही है। यह पूरी व्यवस्था लूट तंत्र में बदल गई है और बिना सूचना दिए बिजली काट दिए जाने की घटनाएं आए दिन घट रही है, जो अमानवीय कृत्य है। प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष डा.विधु शेखर पांडेय, शिवधारी दुबे, रमाकांत सिंह, डा.के एहतेशाम, अलाऊद्दीन अहमद, आदि उपस्थित थे।

## गृह मंत्रालय का बोर्ड लगा गाड़ी बरामद

**सिसवन (सिवान) ।** सिसवन थाना की पुलिस ने सुवही गांव से चोरी की एक क्रिएटा गाड़ी बरामद की है। गाड़ी को सुबही गांव निवासी योगेंद्र महतो के दरवाजे से बरामद की गई। गाड़ी पंजाब नंबर की है। वहां से चोरी करके योगेंद्र महतो एवं उनके परिजनों द्वारा चलाया जा रहा था। गाड़ी पर गृह मंत्रालय का बोर्ड लगाया गया था, लेकिन पुलिस अभी पूरी जानकारी नहीं दे रही है। वहीं आरोपित योगेंद्र महतो फरार बताया जाता है।

## अनुमंडलीय अस्पताल में सुविधा बढ़ाने की मांग

**महाराजगंज (सिवान) :** विधायक विजय शंकर दुबे ने स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय से महाराजगंज अनुमंडल अस्पताल में सुविधा बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अनुमंडल अस्पताल में कर्मचारियों की कमी है। इसमें कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए, साथ ही अन्य जरूरी सुविधा को भी बढ़ाया जाए। विधायक ने कहा कि मेरा प्रयास है कि महाराजगंज व भगवानपुर प्रखंड में स्वास्थ्य के मामले में अग्रणी रहे।

## स्मार्ट मीटर के खिलाफ राजद देगा धरना

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश इकाई एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के निर्देश पर मंगलवार को प्रखंड राजद द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। आयोजन को लेकर प्रखंड राजद अध्यक्ष श्रीराम यादव व जिला पार्षद सुशील कुमार डब्लू के नेतृत्व में पार्टी का एक शिष्टमंडल सोमवार को बीडीओ की अनुपस्थिति में प्रखंड कार्यालय में स्मार पत्र देकर कार्यक्रम की सूचना दी है। प्रखंड अध्यक्ष एवं जिला पार्षद ने संयुक्त रूप से बताया कि एनडीए की सरकार किसान, गरीब, छात्र, नौजवान, महिला विरोधी है। उन्होंने बताया कि एक तो पहले से ही विद्युत विभाग सरकार के इशारे पर गरीबों का दोहन करती है, अब स्मार्ट मीटर लाकर गरीबों के घर से रौशनी छीनने की साजिश कर रही है।

## दुर्गा पूजा व दशहरा को ले शांति समिति की बैठक

**सिवान :** जिले के सिसवन, चैनपुर, जीबी नगर तथा हुसैनगंज थाना परिसर में सोमवार को दुर्गा पूजा एवं दशहरा को ले शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में कई दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में पूजा पंडाल व प्रतिमा स्थापित करने के लिए लाइसेंस लेने, समय पर प्रतिमा विसर्जन करने, पंडालों में अस्थायी विद्युत कनेक्शन लेने, प्रशासन के गाइड लाइन का पालन करने संबंधित कई जानकारी दी गई। साथ ही पूजा पंडाल तथा विसर्जन की निगरानी सीसी कैमरा से करने, विसर्जन के दौरान अश्लील गाना बजाने तथा डीजे के संचालन पर प्रतिबंध होने की बात कही। इस दौरान शरारती तत्वों पर नजर करने तथा शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।जानकारी के अनुसार सिसवन थाना में बैठक की अध्यक्षता सीओ पंकज कुमार, थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह एवं चैनपुर थाना में प्रशिक्षु डीएसपी निशांत गौरव ने की। बैठक में प्रशासन द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करने के लिए कहा तथा शांति एवं सद्भाव बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। थानाध्यक्ष ने सभी पूजा आयोजकों से पूजा के लिए लाइसेंस लेने के लिए कहा। पूजा पंडालों में सीसीटीवी के साथ मूर्ति विसर्जन के लिए स्थान को चिह्नित कर रूट चार्ट संबंधित थाना में जमा करने का निर्देश दिया गया। वहीं डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध होने की बात कही गई। पूजा में थियेटर या अन्य अश्लीलता प्रदर्शन पर रोक रहेगी। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि भीड़ पर नियंत्रण के लिए पुलिस के साथ स्थानीय लोगों का सहयोग की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दशहरा कि शुरुआत से हीं पुलिस एलर्ट मोड में रहेगी। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि दीपक तिवारी, रमेश तिवारी, बंटी गुप्ता, शैलेश तिवारी, मुन्ना कुमार पासवान, ई. ओमप्रकाश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं जीबी नगर थाना परिसर में बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने की। इस दौरान दुर्गा पूजा एवं दशहरा में शांति व आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की सलाह दी।

## कार की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**हुसैनगंज (सिवान) :** थाना क्षेत्र के कुतुब छपरा स्थित ताज चिमनी के समीप एसएच 89 सिवान-सिसवन मुख्य मार्ग पर सोमवार की दोपहर कार की चपेट में आने से एक बाइक चालक घायल हो गया। इस दौरान उसके बाइक के पचखच्चे उड़ गए। घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान हरिहांस उत्तर टोला निवासी राजा यादव के पुत्र अमित कुमार उर्फ निरहुआ के रूप में हुई है।बताया जाता है कि अमित कुमार उर्फ निरहुआ बाइक से कहीं जा रहा था। इस दौरान सिवान-सिसवन मुख्य पथ पर कुतुब छपरा के समीप एक कार ब्रेक फेल होने के कारण उसकी बाइक में टक्कर मारते हुए सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। इस घटना में उसकी बाइक के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई। बताया जाता है कि कार पर पुलिस का स्टीकर लगा हुआ है। इससे प्रतीत हो रहा है कि गाड़ी किसी पुलिस पदाधिकारी की है।

## शिक्षाविद् के निधन पर शोक

**महाराजगंज (सिवान) :** शिक्षाविद पूर्व प्रधानाध्यापक रामापाली निवासी पंडित सुरेंद्र नाथ उर्फ भोयास बाबा का निधन पर रविवार पटना एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान हो गया। वे 90 वर्ष के थे। वे पंडित सुरेंद्र नाथ भोयास पंडित के नाम से जाने जाते थे। वे अंग्रेजी विषय में महारत हासिल किए थे। उनके निधन पर स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक विजय शंकर दुबे, पूर्व विधायक हेमनारायण साह, नपं अध्यक्ष शारदा देवी, उपाध्यक्ष गुड़िया कुमारी, शिक्षक जितेंद्र कुमार, कुमार राजकपूर ठाकुर, देवेंद्र कुमार, हरेंद्र सिंह, समाजसेवी पतिराम सिंह, अरविंद स्वामी आदि ने शोक व्यक्त की है।

## हत्याकांड के अभियुक्त को साढ़े चार साल का कारावास

**सिवान:** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय संजय कुमार सिन्हा की अदालत ने सोमवार को हत्याकांड से जुड़े मामले में सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त को साढ़े चार साल सश्रम कारावास दी है। अभियोजन की ओर से बहस करने वाले अपर लोक अभियोजक अक्षय लाल यादव के अनुसार अदालत ने दोषी अभियुक्त नंदकिशोर रावत को भादवि क की धारा 304 के अंतर्गत साढ़े चार वर्ष कारावास एवं 40 हजार रुपये अर्थ दंड की सजा दी है। अर्थ दंड की राशि पीड़िता के पति को देय होगी। बताया जाता है कि जामो थाना अंतर्गत सुल्तानपुर खुर्द गांव निवासी योगेंद्र रावत एवं नंदकिशोर रावत के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, इसी क्रम में मार्च 2020 में मारपीट के दौरान योगेंद्र रावत की पत्नी धनपति देवी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका इलाज के क्रम में मौत हो गई। योगेंद्र रावत के बयान पर कुल 10 लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई गई थी, सिर्फ दो अभियुक्त नंदकिशोर व राजेंद्र रावत पर आरोप पत्र दाखिल हुआ बाकी अन्य बरी हो गए। मामले में राजेंद्र रावत का विचारण के दौरान निधन हो गया था। मामले में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता धर्मनाथ सिंह ने बहस किया।

साओ व थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

